# प्रेस विज्ञप्ति

## डी.एम.डब्ल्यू द्वारा आयोजित मेक इन इंडिया विक्रेता विकास कार्यक्रम

डीजल रेल इंजन आधुनिकीकरण कारखाना (डी.एम.डब्ल्यू), पटियाला, (भारतीय रेलवे की एक इकाई) द्वारा भारतीय उद्योग परिसंघ, चंडीगढ़ के सहयोग से एक वर्चुअल सेमीनार का आयोजन किया गया । इस सेमीनार का उद्देश्य भारत सरकार के "मेक इन इंडिया" और "आत्मनिर्भर भारत" की नीतियों के तहत आयातित वस्तुओं के स्वदेशीकरण पर विशेष जोर देते हुए उच्च प्रौद्योगिकी उत्पादों के आपूर्तिकर्ताओं के आधार का विस्तार करना था। । बैठक में एम.एस.ई. सेक्टर के विकास पर भी जोर दिया गया।

इस अवसर पर श्री एच.आर. सोनी, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, श्रीमति मंजीत कौर, प्रमुख वित्तीय सलाहकार तथा श्री रजनीश बंसल, मुख्य योजना अभियंता एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी ने सभा को संबोधित किया। सी.आई.आई. की ओर से श्री प्रवीण धीमान, परियोजना प्रमुख ने संबोधित किया। इस वर्चुअल सेमीनार में देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 200 उद्यमियों ने भाग लिया। श्री प्रमोद अरोरा, उप.मुख्य सामग्री प्रबंधक ने पी.पी.टी प्रस्तुति के माध्यम से भारतीय रेलवे की वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं और डी.एम.डब्ल्यू द्वारा खरीदे जाने वाली वस्तुओं की संभावना के बारे में मौजूदा और नए आपूर्तिकर्ताओं को विस्तृत जानकारी दी। आपूर्तिकर्ताओं द्वारा रेलवे खरीद प्रणाली और डी.एम.डब्ल्यू की भविष्य की गतिविधियों के बारे में पूछे गए सभी सवालों के जवाब वक्ताओं के पैनल द्वारा दिए गए।

बैठक के बाद, श्री सोनी, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक ने सभी प्रतिभागियों और सी.आई.आई, चंडीगढ़ को इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने और देश को आत्मनिर्भर बनने में मदद करने के लिए धन्यवाद दिया।

डीएमडब्ल्यू/पीसीएओ/प्रेस विज्ञप्ति     दिनांक- 25.06.2021